# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 15 जून।** देश में लोकतांत्रिक शासन के विपरीत तानाशाहीपूर्ण तरीके से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सरकार चलाना चाहते हैं किन्तु उनके इस मनसूबे की सफलता में एकमात्र अड़चन कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी है जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गलत नीतियों एवं गलत निर्णयों के साथ ही मोदी सरकार की विफलताओं को जनता के बीच मुखरता से उठाते हैं। इसीलिये पिछले 8 वर्ष से कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को षड्यंत्रपूर्वक निशाना बनाने का कार्य केन्द्र की भाजपा सरकार कर रही है जो कि हमारे देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं एवं मूल्यों के विपरीत है।

उक्त विचार समाज कल्याण बोर्ड की चेयरमेन डॉ. अर्चना शर्मा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गलत तथ्यों एवं बिना किसी मुद्दे के केन्द्र सरकार के ईशारे पर ईडी द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को नोटिस दिया गया है उससे स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, महिलाओं एवं किसानों के लिये योजना बनाने में असफल रहने, देश की सीमाओं की रक्षा न कर पाने जैसी अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिये संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का यह कृत्य सत्ता के दुरूपयोग का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रकरण में सूचीबद्ध अपराध की कोई एफआईआर दर्ज नहीं है जिस कारण पीएमएलए के तहत् ईडी को जाँच करने एवं नोटिस देने का कोई क्षेत्राधिकार भी प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड महात्मा गाँधी एवं पं. जवाहरलाल नेहरू की परिकल्पना है तथा स्वतंत्रता संग्राम के समय अंग्रेजों के खिलाफ विचार अभिव्यक्ति का एक सक्षम अखबार रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा इस प्रकरण में जनता को भ्रमित करने के लिये अधिकारिता के विरूद्ध ईडी से जांच करवाई जा रही है जबकि नेशनल हेराल्ड जो कि हमारे देश एवं कांग्रेस की ऐतिहासिक धरोहर है की आर्थिक स्थिति खराब होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा नियमानुसार समय-समय पर ऋण प्रदान किया गया। चूंकि राजनैतिक दल किसी कम्पनी में शेयर धारक नहीं हो सकते, यंग इण्डिया कम्पनी का सृजन धारा 25 कम्पनी एक्ट के तहत् किया गया है। इन प्रावधानों में बनी

2.........

Created by Universal Document Converter

कम्पनियां से ना तो लाभ लिया जा सकता है, ना ही उनकी सम्पत्तियों को बेचा जा सकता है क्योंकि यह कम्पनी नॉन प्रोफिट कम्पनियां होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा दिये गये ऋण के संबंध में चुनाव आयोग ने भी शिकायतकर्ता को राजनैतिक दल की हैसियत से कांग्रेस को ऋण देने का अधिकार होने की जानकारी प्रदान की थी।

डॉ. शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी जनता की आवाज उठाते हैं तथा जनता के सरोकार के मुद्दों को उठाते हैं, इसलिये भाजपा को पीड़ा होती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के ईशारे पर दबाव बनाने हेतु ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी को ऐसे समय नोटिस प्रदान किया है जब वह स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तथा भाजपा के विचारधारा में यही अन्तर है कि जब पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी अस्वस्थ थे तो तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी ने उनका ईलाज कराने हेतु विदेश भेजा था। उन्होंने कहा कि प्रकरण में किसी प्रकार पैसे का लेन-देन नहीं हुआ तो मनी लाण्डरिंग एक्ट के तहत् कार्यवाही करने का ईडी को कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं का दमन करने की केन्द्र सरकार की नीति के विरूद्ध पिछले तीन दिन से कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष कर रहे हैं, उसका दमन करने के लिये भाजपा की केन्द्र सरकार ने लोकतांत्रिक परम्पराओं एवं मूल्यों को त्याग कर संवेदनहीनता की सभी सीमायें पार कर ली हैं।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता कल दिनांक 16 जून, 2022 को राजस्थान के राजभवन का घेराव करेंगे तथा दिनांक 17 जून, 2022 को सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया जायेगा।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter